"राजभाषा हिंदी के प्रयोग में संकोच नहीं स्वाभिमान का अनुभव करें।"

कार्यालय ज्ञापन

विषय:- हेमवती नन्दन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय(केंद्रीय विश्वविद्यालय) श्रीनगर गढ़वाल में 14 सितंबर 2024 से 27 सितंबर 2024 के दौरान हिंदी पखवाड़ा कार्यक्रम में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन ।

राजभाषा विभाग द्वारा हिंदी के प्रयोग को बढावा देने के उद्देश्य से समय-समय पर जारी आदेशों के अनुसरण में तथा केंद्र सरकार के कार्यालयों में राजभाषा नीति के कार्यान्वयन के लिए सरकारी कामकाज में हिंदी के प्रति जागरुकता तथा इसके उत्तरोत्तर प्रयोग में गति लाने के उद्देश्य से हेमवती नन्दन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय (केंद्रीय विश्वविद्यालय) श्रीनगर गढ़वाल में दिनांक 14 सितंबर 2024 से 27 सितंबर 2024 तक हिंदी पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। इस अवधि के दौरान संस्थान के अधिकारियों/कर्मचारियों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही है। सफल प्रतियोगियों को नकद पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किये जायेंगे। हिंदी पखवाड़ा कार्यक्रम, पुरस्कार राशि एवं अन्य आवश्यक सूचनाएं निम्नलिखित हैं:

क्र.सं.	दिनांक/समय/स्थान	प्रतियोगिता	पुरस्कारों की श्रेणी	प्रतिभागिता
1.	14/09/2024	हिन्दी दिवस/पखवाड़ा समारोह, मंत्रालय के निर्देशानुसार भारत मंडपम्, नई दिल्ली में प्रायोजित चतुर्थ अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन में समन्वयक (रा.भा.) द्वारा प्रतिभाग कर सुनिश्चित किया जायेगा इसके साथ ही राजभाषा हिन्दी के प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु **'हिन्दी में हस्ताक्षर अभियान'** चलाया जाएगा।	---------------	-----------------
2.	18/09/2024,अपराह्न 3.00 से 4.00 बजे तक, हिन्दी विभाग	• कार्यालय प्रबंधन में अत्याधुनिक आईटी उपकरणों की भूमिका • रोजमर्रा के कार्यालय कार्यों में राजभाषा हिंदी का उपयोग, विषय पर हिन्दी निबंध प्रतियोगिता	प्रथम/द्वितीय/ तृतीय/ प्रोत्साहन पुरस्कार	विoविo के समस्त अधिकारीगण, स्टाफ सदस्य
3.	20/09/2024 उपरोक्त समयानुसार	श्रुतलेख प्रतियोगिता व सुलेख प्रतियोगिता	प्रथम/द्वितीय/ तृतीय/ प्रोत्साहन पुरस्कार	विoविo के समस्त अधिकारीगण, स्टाफ सदस्य
4.	21/09/2024 प्रातः 11:00 से 01:00 बजे तक, हिन्दी विभाग	• आधुनिक शिक्षा के क्षेत्र में डिजिटल आईटी टूल्स का उपयोग • शिक्षा क्षेत्र में डिजिटल क्रांति से छात्रों की पाठ्यपुस्तकों से दूरी, विषय पर हिन्दी निबंध प्रतियोगिता	प्रथम/द्वितीय/ तृतीय/ प्रोत्साहन पुरस्कार	विoविo के समस्त विद्यार्थी भाग ले सकते है।
5.	23/09/2024 उपरोक्त समयानुसार	हिन्दी से संबंधित सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता	प्रथम/द्वितीय/ तृतीय/ प्रोत्साहन पुरस्कार	विoविo के समस्त अधिकारीगण, स्टाफ सदस्य
6.	27/09/2024, प्रातः 11:00 बजे ए.सी. एल. हॉल बिड़ला परिसर	हिन्दी पखवाड़ा समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह	----------------	विoविo के अधिकारीगण, स्टाफ एवं छात्र उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाए।

अन्य व्यवस्थाएं

1. प्रतियोगिता में पुरस्कार राशि (प्रथम पुरस्कार रु.2000/-, दूसरा पुरस्कार रु. 1500/-, तीसरा पुरस्कार रु1000/- प्रोत्साहन हेतु रु 500/-) दी जाएगी।
2. कार्यक्रम में प्रतिभाग हेतु प्रपत्र संलग्रक है जिसे विभाग/अनुभाग के सक्षम अधिकारी द्वारा अग्रसारण कर राजभाषा प्रकोष्ठ में जमा करवाने का कष्ट करें।

प्रतियोगिताओं के सम्बन्ध में अनुदेश :-

पुरस्कारों के निर्णय हेतु एक निर्णायक मंडल होगा और उसका निर्णय अन्तिम तथा सर्वमान्य होगा।

इसमें निम्नलिखितअधिकारी/कर्मचारी/सहयोगी सदस्य होंगे :- (प्रो० गुड्डी बिष्ट, समन्वयक राजभाषा) सहयोगी सदस्यों के रूप में श्री आकाश दीप एवं नवीन।

सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से अनुरोध है कि वे अधिक से अधिक संख्या में प्रतियोगिताओं में भाग लें और हिंदी पखवाड़ा के मुख्य उद्देश्य को सफल बनाते हुए नकद पुरस्कारों का पूरा-पूरा लाभ उठाएं। नामांकन प्रपत्र कार्यालय ज्ञापन के साथ संलग्नक है।

अतः इसे समय पर भरकर हिंदी राजभाषा प्रकोष्ठ में जमा करने का कष्ट करें, जिससे कि उपरोक्त प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया जा सके।

09.9.2024

कुलसचिव

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ :-

1. समस्त विभागाध्यक्ष/संकायाध्यक्ष/अधिष्ठाता छात्र कल्याण/ परिसर निदेशक, चौरास/ मुख्य नियंता/ मुख्य छात्रावास अधीक्षक/पुस्तकालयाध्यक्ष को इस आशय के साथ प्रेषित कि उक्त सूचना को अपने अधीनस्थ समस्त विभागों में प्रसारित करने का कष्ट करें।
2. वैयक्तिक सहायक कुलपति, सचिवालय को माननीया कुलपति महोदया के सादर सूचनार्थ ।
3. समस्त संयुक्त कुलसचिव/उपकुलसचिव/सहायक कुलसचिव/अधिशासी अभियंता/ समस्त अधिकारियों/कर्मचारियों के सूचनार्थ ।
4. वैयक्तिक सहायक, वित्त अधिकारी/कुलसचिव।
5. प्रभारी सिस्टम मैनेजर, विश्वविद्यालय वैबसाइट पर अपलोड करने हेतु ।
6. जनसूचना अधिकारी, सूचना प्रसारण संबंधित कार्य निष्पादन हेतु ।
7. सूचना पटल ।

कुलसचिव

हेमवती नन्दन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय(केंद्रीय विश्वविद्यालय) श्रीनगर गढ़वाल

कार्यालय ज्ञापन हिन्दी प्रपत्र

हिंदी पखवाड़ा (दिनांक 14 सितंबर 2024 से 27 सितंबर 2024 को अपराह्न 03:00 बजे से 04:30 बजे तक) के दौरान आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेने हेतु प्रपत्र का ।

क्र. सं.	अधिकारी/कर्मचारी का नाम	पद नाम	विभाग/अनुभाग	मोबाइल नंबर	प्रतियोगिता का नाम व दिनांक	हस्ताक्षर दिनांक सहित
1.						
2.						
3.						
4.						
5.						
6.						
7.						

विभागाध्यक्ष / नियंत्रक अधिकारी के हस्ताक्षर

समन्वयक राजभाषा